भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 676

जिसका उत्तर 03 दिसंबर, 2025 को दिया जाना है

कोयले के लिए डिस्पैच ऑर्डर जारी करने में भ्रष्टाचार

676. श्री वीरेन्द्र सिंहः

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को घटिया गुणवत्ता वाले कोयले के लिए डिस्पैच ऑर्डर (डीओ) जारी करने और फिर उनके साथ अच्छी गुणवत्ता वाला कोयला उपलब्ध कराने संबंधी भ्रष्टाचार की जानकारी है और यदि हाँ, तो अब तक कितने व्यापारियों पर मुकदमा चलाया गया है और कितने लोगों को दोषी ठहराया गया है और जेल भेजा गया है;

(ख) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के शाहूपुरी क्षेत्र में फर्जी डीओ के आवंटन के माध्यम से अच्छी गुणवत्ता वाले कोयले की तस्करी को रोकने के लिए कार्रवाई करने का विचार है; और

(ग) यदि हाँ, तो कार्रवाई कब तक किए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : निम्न ग्रेड के कोयले के लिए प्रेषण आदेश (डीओ) पर उच्च ग्रेड के कोयले की आपूर्ति करने से संबंधित भ्रष्टाचार के किसी मामले की मंत्रालय में पुष्टि नहीं हुई है।

(ख) और (ग) : उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****